धरोहर काशी की

चर्चा में क्यों?

भारतीय अल्पसंख्यक फाउंडेशन (IMF) ने **वाराणसी के** हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों को प्रदर्शित करने व समर्थन करने के लिये 13 एवं 14 अप्रैल, 2024 को दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम **'धरोहर काशी की'** निर्धारित किया है।

मुख्य बिंदु:

- राज्यसभा सदस्य और IMF के संयोजक सतनाम सिंह संधू के अनुसार, **20 से अधिक देशों के राजदूत** नाव अभियान के माध्यम से काशी विश्वनाथ धाम तथा राजसी रिवरफ्रंट का दौरा करेंगे तथा गंगा आरती देखेंगे।
- प्रसिद्ध फैशन डिज़ाइनर मनीष मल्होत्रा द्वारा आयोजित **'बनारसी साड़ी - भारतीय विरासत और कुशल कारीगरों का मिश्रण'** नामक **फैशन शो नमो घाट** पर होने वाला है।
    - इसमें **बॉलीवुड कलाकार** कृति सेनन और रणवीर सिंह रनवे पर वाराणसी के शिल्प का प्रदर्शन करेंगे।
    - फैशन शो के दौरान मशहूर भोजपुरी गायक और अभिनेता रवि किशन द्वारा **सांस्कृतिक एवं संगीतमय प्रस्तुति** दी जाएगी।
- IMF द्वारा **प्रतिष्ठित बुनकरों को भी श्रद्धांजलि** दी जाएगी, जिन्होंने काशी के उत्कृष्ट शिल्प की उन्नति और सुरक्षा में बहुत बड़ा योगदान दिया है।

भारतीय अल्पसंख्यक फाउंडेशन (IMF)

- IMF एक **गैर-सरकारी संगठन** है, जिसकी स्थापना चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के चांसलर सतनाम सिंह संधू ने की थी।
    - इसका मुख्य उद्देश्य अल्पसंख्यक समूहों के बीच उनके साझा इतिहास, संस्कृति और राष्ट्र में योगदान को उजागर करके व नागरिक जीवन में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित कर **राष्ट्रीय गौरव की भावना को बढ़ावा** देना है

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dharohar-kashi-ki